**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**12.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज हमीरपुर जिला में नादौन विधानसभा क्षेत्र का करेंगे दौरा
- लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने केंद्र से सड़क, पुल व टनल परियोजनाओं के लिए सहयोग की मांग की
- केंद्रीय गृह सचिव ने एलपीजी संबंधी आशंकाओं और झूठी अफवाहों के मददेनजर जागरूकता अभियान चलाने के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दिए निर्देश
- चंबा में तीन दिवसीय साहित्य उत्सव आज से शुरू–पुस्तक मेले का भी होगा आयोजन

  और
- शिमला पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 1 करोड़ रूपये की एलएसडी ड्रग्स की बरामद–2 आरोपी गिरफ्तार

अब समाचार विस्तार से..........

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज हमीरपुर जिला में अपने गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे डिग्री कॉलेज नादौन के बहुउदेश्यीय भवन का शिलान्यास के अलावा कॉलेज के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री उसके बाद सेरा विश्राम गृह में जनसमस्याएं भी सुनेंगे। इस बीच, मुख्यमंत्री कल ऊना जिला के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे के दौरान बंगाणा में 15 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली तुरकाल पंगा जलापूर्ति योजना का शिलान्यास करेंगे।

**संसद**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज लोकसभा में वित्तीय वर्ष 2025–26 की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि से कुछ अतिरिक्त राशियों के भुगतान और विनियोग को अधिकृत करने के लिए विनियोग विधेयक, 2026 पेश करेंगी। वहीं, राज्यसभा में आज ग्रामीण विकास मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा आगे बढ़ाई जाएगी।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नीतिन गड़करी से मुलाकात कर प्रदेश की महत्वपूर्ण सड़क, पुल व टनल परियोजनाओं के लिए सहयोग की मांग की है। संसद भवन में मुलाकात के दौरान उन्होंने प्रदेश में सड़क संपर्क को मजबूत करने, सभी मौसम में आवाजाही सुनिश्चित करने और पहाड़ी क्षेत्रों में सुरक्षित बुनियादी ढांचे के विकास पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान विक्रमादित्य सिंह ने घटासनी–शिल्हा–बढ़ानी–भुभू जोत–कुल्लू सड़क और प्रस्तावित भुभू जोत टनल का मुद्दा भी उठाया। केंद्रीय मंत्री ने इन सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है।

**गृह सचिव एलपीजी**

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर देश भर में एलपीजी की आपूर्ति और वितरण की समीक्षा के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एलपीजी की कमी के संबंध में आशंकाओं को दूर करने और झूठी अफवाहों का मुकाबला करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एलपीजी आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कर्मियों की सुरक्षा बढ़ाने की सलाह भी दी। इस बीच, प्रदेश के मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने कहा है कि प्रदेश में एल.पी.जी, पैट्रोल व डीजल के पर्याप्त भंडारण उपलब्ध हैं। मुख्य सचिव ने लोगों से सोशल मीडिया में चल रहे भ्रामक प्रचार के चलते अनावश्यक गैस बुकिंग करने से बचने का आग्रह किया है। उन्होंने सभी उपायुक्तों को प्रतिदिन इसकी समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं।

**चंबा साहित्य उत्सव**

चंबा जिला को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के उदेश्य से चलो चंबा अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज से चंबा साहित्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। चंबा में पहली बार आयोजित किया जा रहा ये उत्सव 14 मार्च तक चलेगा। जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि इस दौरान विभिन्न साहित्यिक व सांस्कृतिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान पुस्तक मेले का भी आयोजन किया जाएगा।

**सुरेश कश्यप**

केंद्रीय युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कहा है कि खेलो इंडिया नीति 2025 का उद्देश्य भारत में मजबूत, समावेशी और प्रदर्शन उन्नमुख खेल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है। कल लोकसभा में सांसद सुरेश कश्यप के सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि खेलो इंडिया योजना के तहत हिमाचल प्रदेश के 12 ज़िलों में कुल 18 खेलो इंडिया केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जहां करीब 2 सौ 80 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**गिरफ्तार**

शिमला पुलिस ने नशे के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस" नीति के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 1 करोड़ रुपये की एलएसडी ड्रग्स बरामद की है। शिमला के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने बताया कि पुलिस थाना न्यू शिमला में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पंजाब और सिरमौर

के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के कब्जे से 562 स्ट्रिप्स यानी स्टैम्प साइज एलएसडी बरामद हुई, जिसका कुल वजन करीब 11 ग्राम है।

**होटल कारोबारी**

प्रदेश होटल एसोसिएशन ने राज्य सरकार से होटलों को सीमित मात्रा में घरेलू गैस सिलेंडर उपयोग करने की अस्थाई अनुमति देने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र सेठ ने शिमला में बताया कि नियमों के अनुसार होटल और रेस्तरां में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग नहीं किया जा सकता, मगर इन दिनों कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित होने से होटल उद्योग प्रभावित हो रहा है।

**फायर सीजन**

सिरमौर ज़िला में गर्मियों के मौसम के दौरान वनों में आग लगने की घटनाओं के मध्यनजर वन विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली है। नाहन के डी.एफ.ओ. अवनी भूषण राय ने फायर सीजन के दौरान लोगों से सहयोग की अपील की है।

**मौसम**

लाहौल–स्पीति व चंबा जिला के पांगी क्षेत्र की उंची चोटियों पर हल्का हिमपात होने से तापमान में हल्की गिरावट आई है। राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं, वहीं चंबा व आसपास के क्षेत्रों में हुई हल्की वर्षा से मौसम ठंडा हो गया है। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में आज अंधड़ व बिजली कड़कने का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी चेतावनी दी है।

**अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला ने प्रदेश हाईकोर्ट से जुड़ी खबर को सुर्खी दी है–**एसीएस को एसटीए, परिवहन निदेशक को आरटीए अध्यक्ष के पद से हटाने के आदेश।** पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–**आउटसोर्स आधार पर नियुक्तियों को बंद कर सकती है सरकार।** जबकि दैनिक जागरण के शब्द हैं–**सुक्खू बोले–आउटसोर्स पर नियुक्ति युवाओं का शोषण।** दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–**मेडिकल कॉलेजों के बाद अब अस्पतालों में रोबोटिक सर्जरी।** हिमाचल दस्तक ने खबर दी है–**प्रदेश में पेट्रोल–डीजल व गैस की कमी नहीं।** मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है–**लाहौल के दारचा, शिंकुला व कुंजुम दर्रा सहित उंची चोटियों पर हिमपात।**

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज हमीरपुर जिला में नादौन विधानसभा क्षेत्र का करेंगे दौरा

- लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने केंद्र से सड़क, पुल व टनल परियोजनाओं के लिए सहयोग की मांग की

- केंद्रीय गृह सचिव ने एलपीजी संबंधी आशंकाओं और झूठी अफवाहों के मददेनजर जागरूकता अभियान चलाने के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दिए निर्देश

- चंबा में तीन दिवसीय साहित्य उत्सव आज से शुरू–पुस्तक मेले का भी होगा आयोजन

  और

- शिमला पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 1 करोड़ रूपये की एलएसडी ड्रग्स की बरामद–2 आरोपी गिरफ्तार

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11:00 बजे नमस्कार।